विद्यालय का नामः..........................................................................................................

# वार्षिक परीक्षा–2024-25

| विषय–गणित | पूर्णांक- | कक्षा–6 | समय–2:30 घण्टे | नामः–........................................... |
|---|---|---|---|---|

## भाग–अ

निर्देशः– सभी प्रश्नों का हल उतर पुस्तिका में लिखों।

–: वस्तुनिष्ठ प्रश्नः–

1. वृत के केन्द्र से गुजरने वाली जीवा कहलाती है–

(अ) त्रिज्या (ब) त्रिज्यखण्ड (स) व्यास (द) वृतखण्ड ( )

2. एक घनाभ के फलक होते है–

(अ) तीन (ब) चार (स) पाँच (द) छः ( )

3. 4+(–8) का मान होगा–

(अ) 4 (ब) 12 (स) –4 (द) 8 ( )

4. $\frac{36}{54}$ का सरलतम रूप होगा–

(अ) $\frac{18}{27}$ (ब) $\frac{3}{2}$ (स) $\frac{2}{3}$ (द) $\frac{72}{108}$ ( )

5. एक वर्ग की भुजा 10 मीटर है, तो उसका परिमाप होगा–

(अ) 100 मी0 (ब) 40 मी0 (स) 50 मी0 (द) 104 मी0 ( )

–:रिक्त स्थानों की पूर्ति करोः–

(तीन, मिश्रित, स्थिर, इकाइयाँ, वर्ग)

6. एक चर का मान..............नहीं होता है।
7. अनुपात द्वारा तुलना में, दोनों राशियों की................समान होनी चाहिए।
8. एक समबाहु त्रिभुज में..............सममित रेखाएँ होती है।
9. एक वर्ग पिरामिड का आधार एक.................होता है।
10. एक......................भिन्न में एक भाग पूर्ण होता है, और एक भाग भिन्न होता है।

## भाग–ब

–:निम्नलिखित प्रश्नों को हल करोः–

1. 5+3 को संख्या रेखा पर दर्शाइये।
2. 36 और 84 के म0स0 ज्ञात कीजिए।
3. 50–(–40)–(–2) का मान ज्ञात कीजिए।
4. $\frac{3}{10}+\frac{7}{15}$ को हल कीजिए।
5. छः सौ दशमलव आठ को दशमलव रूप में लिखिए।

–:कोई पाँच प्रश्नों के उतर लिखोः–

6. रानी के पास 18.50रू है। उसने 11.75रू की एक आइसक्रीम खरीदी। अब उसके पास कितने रू बचे?
7. एक मेज की ऊपरी सतह की विमाएँ 2 मीटर 75 सेमी0 और 1 मीटर 50 सेमी0 है। मेज की ऊपरी सतह का परिमाप ज्ञात कीजिए।
8. एक कक्षा में 20 लड़के और 40 लड़कियाँ है, लड़कों की संख्या का, लड़कियों की संख्या से क्या अनुपात होगा?
9. यदि 7 मी0 कपड़े का मुल्य 1470रू हो तो 5 मीटर कपड़े का मुल्य ज्ञात कीजिए।

gurusevika

10. सममित रेखा किसे कहते है?

11. 3.2 सेमी0 त्रिज्या का एक वृत खींचिए।

12. चाँदे की सहायता से $60^0$ और $90^0$ के कोण बनाइये।

—:कोई 2 प्रश्नों के उतर दीजिए:—

13. $\frac{7}{8}$ मीटर तार के दो टुकड़े हो जाते है। इनमें से एक टुकड़ा $\frac{1}{4}$ मीटर है, दूसरे टुकड़े की लम्बाई क्या है?

14. उन वर्गों का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए जिनकी भुजाऐं निम्नलिखित है।

(i) 10 सेमी0 (ii) 15 सेमी0 (iii) 20 सेमी0 (iv) 5 मी0 (v) 8 मी0

15. 5 किग्रा गेहूँ का मुल्य 91.50रू है।

(i) 8 किग्रा0 गेहूँ का मुल्य क्या होगा?

(ii) 183रू में कितना गेहूँ खरीदा जा सकता है?


—:निम्न में से कोई एक प्रश्न हल कीजिए:—

16. एक स्कूल के 120 विद्यार्थियों का इस आशय से सर्वेक्षण किया गया कि वे अपने खाली समय में किस क्रियाकलाप को पसंद करते हैं। निम्न आँकड़े प्राप्त हुए—

| पसंद का क्रियाकलाप | विद्यार्थियों की संख्या |
|---|---|
| खेलना | 45 |
| कहानी की पुस्तक पढ़ना | 30 |
| टी.वी. देखना | 20 |
| संगीत सुनना | 10 |
| पेंटिग | 15 |

1 इकाई लम्बाई = 5 विद्यार्थी का पैमाना लेकर, एक दण्ड आलेख बनाइए। खेलने के अतिरिक्त कौनसा क्रियाकलाप अधिकांश विद्यार्थियों द्वारा पसंद किया जाता है?

17. निम्न प्रत्येक आकृति का परिमाप ज्ञात कीजिए। आप उतर से क्या निष्कर्ष निकालते हैं?




gurusevika